# मोहरदा जलापूर्ति कनेक्शन की समस्या का हुआ निदान, सभी को नया एसएएफ नंबर किया जाएगा प्रदान।

DMA

जेएनएसी जारी करेगी सेल्फ असेसमेंट फॉर्म नंबर, 26 को लगेगा शिविर

## मोहरदा जलापूर्ति योजना में सेल्फ असेसमेंट फॉर्म से मिलेगा कनेक्शन


- फॉर्म लेने के लिए बिजली बिल, जमीन का पेपर, आधार कार्ड की छायाप्रति व पासपोर्ट साइज के दो फोटो लगेंगे

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

मोहरदा जलापूर्ति योजना में होल्डिंग नंबर नहीं होने से अब तक आवेदकों को जलापूर्ति का कनेक्शन नहीं मिल पा रहा था. इसका समाधान जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति ने निकाल लिया है. अब मोहरदा जलापूर्ति योजना की पाइपलाइन से कनेक्शन लेने के लिए आवेदकों को सेल्फ असेसमेंट फॉर्म (एसएएफ) नंबर प्रदान किया जायेगा. सेल्फ असेसमेंट फॉर्म (एसएएफ) नंबर लेने के लिए आवेदकों को बिजली बिल, जमीन का पेपर, आधार कार्ड की छायाप्रति और पासपोर्ट साइज का दो फोटो की जरूरत होगी. जेएनएसी ने एजेंसी स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड को नंबर जारी करने का निर्देश दिया है. यह निर्णय शनिवार को जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में मोहरदा जलापूर्ति योजना के सुचारू एवं निर्बाध रूप से चलाने के लिए आयोजित बैठक में लिया गया. बैठक में नगर प्रबंधक सोनल सिंह, टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पुराना नाम जुस्को) के अधिकारी एवं एजेंसी के प्रबंधक शामिल थे.

**सोमवार को बारीडीह जुस्को ऑफिस में लगेगा कैंप** : सोमवार को बारीडीह जुस्को ऑफिस (निकट गणेश पूजा मैदान) में सेल्फ असेसमेंट फॉर्म (एसएएफ) नंबर प्रदान किया जायेगा. सेल्फ असेसमेंट फॉर्म (एसएएफ) नंबर लेने के लिए एजेंसी के सहायक प्रबंधक फनी दीप के मोबाइल संख्या 9234903272 से लोग संपर्क कर सकते हैं. जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने कहा कि मोहरदा जलापूर्ति योजना का कनेक्शन के लिए स्थानीय निवासियों को नियमावली के अनुसार होल्डिंग संख्या अपर्याप्त होने के कारण नये कनेक्शन प्राप्त करने में कठिनाई आ रही थी. इसका समाधान करते हुए अब आसानी से (एसएएफ) संख्या प्रदान किया जायेगा. इसके लिए संबंधित एजेंसी स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड को आदेश दिया गया.

### जेएनएसी ने एजेंसी स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड को नंबर जारी करने का दिया निर्देश



### अवैध कनेक्शन की होगी जांच

बिरसानगर मोहरदा जलापूर्ति योजना का जिन लोगों ने अवैध कनेक्शन लिया है, उसकी अब जांच होगी. जेएनएसी ने टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पुराना नाम जुस्को) को जिन घरों में अवैध कनेक्शन है, उसकी जांच कर रद्द करने का निर्देश दिया गया.

### जुस्को को गड्ढों को अविलंब भरने और सफाई का निर्देश

टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पुराना नाम जुस्को) को बिरसानगर मोहरदा जलापूर्ति योजना के संचालन में आ रही बाधा को दूर करने का निर्देश जेएनएसी ने दिया है. जिन घरों में गंदे पानी आने की शिकायत आ रही है, उक्त क्षेत्र की पाइपलाइन की जांच कर यथासंभव निदान करने का निर्देश भी दिया गया. साथ ही इंटेक वेल की नियमित रूप से साफ सफाई करने व इंटेक वेल में लगी पुरानी जाली को बदलकर लोहे की जाली लगाने का निर्देश दिया गया. मोहरदा जलापूर्ति योजना के लिए पाइपलाइन बिछाने के क्रम में रोड में किये गये गड्ढों को अविलंब भरने का निर्देश भी दिया गया.

## मोहरदा जलापूर्ति के लिए अब दिया जाएगा एसएएफ नंबर

**जमशेदपुर:** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में मोहरदा जलापूर्ति योजना को सुचारू एवं निर्बाध रूप से चलाने को लेकर बैठक हुई. बैठक में चर्चा हुई कि मोहरदा जलापूर्ति योजना को सुचारू रूप से चलाने हेतु स्थानीय निवासियों को नियमावली के अनुसार होल्डिंग संख्या अपर्याप्त होने के कारण नए कनेक्शन प्राप्त करने में कठिनाई आ रही थी. जिसका समाधान करते हुए अब आसानी से एसएएफ संख्या प्रदान किया जाएगा. इसकी जिम्मेवारी एजेंसी स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड को आदेश दिया गया, वहीं जुस्को को इंटेक वेल की नियमित रूप से साफ सफाई करने का निर्देश दिया गया साथ ही जुस्को के द्वारा इंटेक वेल में लगी पुरानी जाली को बदलकर लोहे की जाली लगाने का निर्देश दिया गया साथ ही मोहरदा जलापूर्ति योजना हेतु पाइप लाइन बिछाने के क्रम में रोड में किए गए गड्ढों को अविलंब भरने का निर्देश भी दिया गया. इसके अलावा जिन घरों में अवैध कनेक्शन है उनकी जांच कर उन्हें रद्द करने का निर्देश दिया गया साथ ही जिन घरों में गंदे पानी आने की शिकायत प्राप्त की जा रही है उक्त क्षेत्र के पाइप लाइन की जांच कर यथासंभव उपाय करने का निर्देश भी दिया गया. इसके तहत इस संबंध में सोमवार को बारीडीह जुस्को ऑफिस गणेश पूजा मैदान में एसएएफ नंबर प्रदान किया जाएगा. बैठक में नगर प्रबंधक सोनल सिंह, जुस्को के अधिकारी एवं एजेंसी के प्रबंधक उपस्थित थे.

